अमर उजाला
बरेली
शनिवार, 23 सितंबर 2017
amarujala.com

PAGE NO.: 1,15 MIDDLE LEFT

वित्त और स्वास्थ्य मंत्री आज शहर में

बरेली। प्रदेश के वित्तमंत्री राजेश अग्रवाल और स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह शनिवार को शहर में रहेंगे। स्वास्थ्य मंत्री अपराह्न दो बजे श्री राममूर्ति मेडिकल कालेज में टेली मेडिसिन सेंटर का उद्घाटन करेंगे। वह 3.30 बजे सर्किट हाउस में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की बैठक में मंडलीय समीक्षा करेंगे। >> संबंधित 15

स्वास्थ्य मंत्री ने तोड़ा प्रोटोकॉल, नहीं चाहिए एंबुलेंस

मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के लिए डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस को आरक्षित किया जाता है। इनकी ड्यूटी तब तक रहती है जब तक मंत्री जिले में रहते हैं, लेकिन शनिवार को बरेली आ रहे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सिद्धार्थ नाथ यह सुविधा लेने से इन्कार कर दिया है। मंत्री ने एंबुलेंस की ड्यूटी लगाने से भी मना किया है। सीएमओ डॉ. विनीत शुक्ला ने बताया कि मंत्री ने एंबुलेंस के लिए मना कर दिया है, लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर सात चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम गठित कर दी गई है। इतना ही स्टाफ सेफ हाउस और जिला अस्पताल में भी मौजूद रहेगा।